प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जन विश्वास विधेयक–दो हजार छब्बीस के पारित होने से देश में जीवन यापन और व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक विश्वास पर आधारित ढांचे को मजबूत करता है। संसद ने जन विश्वास विधेयक–दो हजार छब्बीस पारित कर दिया है। राज्यसभा ने इसे कल मंजूरी दी थी जबकि लोकसभा ने यह विधेयक बुधवार को पारित कर दिया था। यह विधेयक जीवन यापन और व्यापार सुगमता के लिए विश्वास पर आधारित शासन को और मजबूत करने के लिए कुछ कानूनों में संशोधन करता है, ताकि कुछ अपराधों को गंभीर अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा सके और उन्हें तर्कसंगत बनाया जा सके।

****

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है।

राज्यों को जमाखोरी, हेराफेरी और घबराहट पैदा करने वाली गलत सूचनाओं के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखने की भी सलाह दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं, कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।,

****

उद्योग जगत ने सरकार के कई महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क में छूट देने के निर्णय का स्वागत किया है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहर्ष दमानी ने कहा कि सरकार द्वारा उठाया गया यह एक एहतियाती कदम है, जिससे ऑटो क्षेत्र को राहत मिलेगी।

मुझे लगता है कि यह एक समझदारी भरा एहतियाती कदम है। ऑटो सेक्टर के लिए इसका फायदा कीमतों में कटौती से कहीं ज़्यादा कंपोनेंट और मेटेरियल की सप्लाई को स्थिर रखने में है। चूंकि कई ऑटोमोटिव पार्ट्स प्लास्टिक और पॉलीमर जैसे पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर निर्भर हैं, इसलिए यह छूट सप्लाई में रुकावटों और लागत के दबाव को कम करने में सहायक साबित होगी।

इस बीच, भारतीय औषधि निर्माता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विरांची शाह ने कहा कि एपीआई और फॉर्मूलेशन निर्माण में उपयोग होने वाले प्रमुख सॉल्वैंट्स और रसायनों पर आयात शुल्क हटाने से हाल में हुई मूल्य वृद्धि को रोकने में मदद मिलेगी।

सरकार ने कई विलायकों और रसायनों पर आयात शुल्क माफ करने का निर्णय लिया है। इनमें से कई विलायक और रसायन भारत में एपीआई और फॉर्मूलेशन के निर्माण में व्यापक रूप से उपयोग किए जाते थे। इस छूट से अगले कुछ सप्ताहों में कीमतों में होने वाली वृद्धि पर रोक लगेगी। इससे भारतीय दवा उद्योग को पूरे भारत में सस्ती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की ओर से, मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देता हूं।

****

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी यूपीपीसीएल की बिलिंग प्रणाली में तकनीकी सुधार और मेंटिनेंस कार्य के चलते आज रात दस बजे से कल दोपहर दो बजे तक लगभग सोलह घंटे बिलिंग सेवाएं बाधित रहेंगी। इस दौरान उपभोक्ता ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से बिजली का बिल जमा नहीं कर पाएंगे। प्रीपेड और स्मार्ट मीटर उपभोक्ता भी अपना बैलेंस रिचार्ज नहीं कर सकेंगे। साथ ही नया बिल बनना, लोड बढ़ाने और अन्य ऑनलाइन सेवाएं भी बंद रहेंगी। यह व्यवस्था प्रदेश के सभी बिजली वितरण क्षेत्रों–पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल और केस्को में लागू रहेगी। बिजली विभाग ने बताया है कि किसी भी आपात स्थिति में उपभोक्ता टोल–फ्री नंबर एक नौ एक दो पर संपर्क कर सकते हैं।

****

राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर के सुदृढ़ीकरण, नवीनीकरण एवं उच्चीकरण और अन्य विकास कार्यों के लिए शासन ने बाइस करोड बावन लाख तिरासी हजार रूपये की वित्तीय स्वीकृति दी है। कुशीनगर के विधायक पीएन पाठक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय बौद्ध संग्रहालय के उच्चीकरण एवं सौंदर्यीकरण से न केवल समृद्ध बौद्ध विरासत को संरक्षण मिलेगा बल्कि कुशीनगर वैश्विक मानचित्र पर और सशक्त होगा।

****

आज गुड फ्राइडे है। आज ही के दिन प्रभु ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। प्रदेश के विभिन्न जिलों के गिरजाघरों में आज विशेष प्रार्थना सभाएं की जा रही है।

****

प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों के विभिन्न जिलों में आज दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया। तेज आंधी के बीच कुछ जिलों में बूंदाबांदी भी हुयी। जौनपुर में हुयी बूंदाबांदी से फसलों के नुकसान को लेकर किसानों ने चिन्ता व्यक्त की है। वाराणसी में धूलभरी आंधी की वजह से अंधेरा छा गया। गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज और कुशीनगर में भी तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार कल भी पूर्वांचल के कुछ जिलों में तेज हवा के बीच हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

****